# चेम्बर चुनाव में व्यापारियों का दिल जीतने में जुटे प्रत्याशी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 20 जून।** मध्य प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के आगामी चुनाव के संदर्भ में वर्तमान अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल लगातार जनसंपर्क, बैठकों और जनसभाओं का आयोजन कर रहे है। इस चुनाव की सरगर्मी के बीच उन्होंने व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की, जिसमें चुनाव से जुड़ी तैयारियों और सुझावों पर चर्चा की गई। वे बाजारों में प्रत्यक्ष संपर्क कर रहे हैं।

**दीपक अग्रवाल ने जनसंपर्क किया** आज व्हाईट हाउस के मानसेवी सचिव प्रत्याशी दीपक अग्रवाल ने लोहिया बाजार व उससे जुडे बाजार व क्षेत्रों में जनसंपर्क कर व्यापारियों से सहयोग मांगा। दीपक अग्रवाल ने कहा कि वह व्यापारी समाज के लिये सदैव सेवा हेतु तत्पर रहेंगे।

**व्यापारी समाज की आवाज को उठाउंगा:सुनील अग्रवाल सन्नी** व्हाईट हाउस के उपाध्यक्ष पद प्रत्याशी



सुनील अग्रवाल सन्नी ने कहा कि वह व्यापारी समाज की आवाज को उठाने में सबसे आगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह व्यापारी समाज के लिये सदैव तैयार रहते है।

सुनील अग्रवाल सन्नी ने कहा कि ग्वालियर में बडे उद्योगों का आना अब जरूरी हो गया है। इसके लिये वह पुरजोर प्रयास करेंगे। सन्नी ने आज दाल बाजार व दौलतगंज आदि क्षेत्रों में संपर्क कर व्यापारियों से समर्थन मांगा।

**अजय गोयल ने कहा व्यापारी समाज हमारे साथ** क्रियेटिव हाउस से मप्र चेंबर आफ कामर्स एंड इण्डस्ट्रीज के चुनावों में कोषाध्यक्ष पद पर खडे अजय गोयल ने कहा कि हमें व्यापारी समाज का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

अजय गोयल ने आज मुरार के बाजारों व लोहिया बाजार में जनसंपर्क किया।

**सुरेश बंसल ने दौलतगंज में व्यापारियों से मुलाकात की** क्रियेटिव हाउस के संयुक्त अध्यक्ष पद प्रत्याशी सुरेश बंसल ने आज अपना जनसंपर्क दौलतगंज व उसके आस पास के क्षेत्रों में किया। इस दौरान बाजारों में उनका स्थान-स्थान पर स्वागत किया और चेंबर से जुडे व्यापारियों ने उन्हें समर्थन का भरोसा दिया। मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के संयुक्त अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सुरेश बंसल ने अपने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत दौलतगंज क्षेत्र के व्यापारियों से मुलाकात कर उनका आशीर्वाद एवं समर्थन प्राप्त किया। इस दौरान व्यापारियों ने विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक समस्याओं से उन्हें अवगत कराया, जिनके समाधान हेतु सुरेश बंसल ने सकारात्मक एवं प्रभावी पहल का भरोसा दिलाया ।सुरेश बंसल ने कहा कि उनका लक्ष्य व्यापारी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान, व्यापार में सरलता, डिजिटल व्यापार को बढ़ावा, कौशल विकास एवं प्रशिक्षण तथा व्यापारियों की आवाज को शासन-प्रशासन तक प्रभावी रूप से पहुंचाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

जनसंपर्क के दौरान उन्होंने व्यापारियों को अपने विज़न से अवगत कराते हुए बताया कि वे समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली, व्यापार हेतु वित्त एवं सरकारी योजनाओं तक आसान पहुंच, व्यापार मेलों एवं बाजार विस्तार की नई संभावनाओं के सृजन तथा व्यापारियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य करेंगे। दौलतगंज के व्यापारियों ने सुरेश बंसल के विचारों एवं कार्ययोजना की सराहना करते हुए उन्हें अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उपस्थित व्यापारियों ने कहा कि चैंबर में ऐसे नेतृत्व की आवश्यकता है जो व्यापारियों की समस्याओं को समझे और उनके समाधान के लिए सक्रिय रूप से कार्य करे।

सुरेश बंसल ने कहा कि उनका संकल्प 'आपके लिए, आपके साथ, आपके आगे' है तथा वे व्यापारी समाज के विश्वास को बनाए रखते हुए एक सशक्त एवं समृद्ध व्यापारी वर्ग के निर्माण के लिए कार्य करेंगे।

'व्यापारी का विश्वास, हमारा प्रयास' के संदेश के साथ उन्होंने सभी सदस्यों से आगामी चुनाव में समर्थन प्रदान करने की अपील की।

## मंत्रालय के गलियारे से

# इतना गुस्सा क्यों

**कन्हैया लोधी**

एक केंद्रीय मंत्री इस समय गुस्से में है. वैसे सार्वजनिक रूप से उनको गुस्से में कम ही देखा जाता है, लेकिन पिछले दिनों दो सार्वजनिक कार्यक्रमों में उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर किया. उनका गुस्सा किसी सिस्टम की खामी पर नहीं था और न ही किसी रसूखदारों पर था, बल्कि मंच का संचालन करने वाले निरीह लोगों पर था, उनका तो काम ही होता है कि जो ताकतवर हो, उनका स्तुतिगान कराएं, जनता-जनार्दन होती ही किसलिए है. टेंड भी तो यही है. जो अब तक करते आये हैं, वही उन्होंने भी किया. संचालनकर्ता का क्या दोष. बहरहाल ये तो पता ही है कि हमारा गुस्सा उस समय सातवें आसमान पर होता है, जब गलती करने वाला कमजोर हो. ताकतवरों के सामने दिखाने के बजाय हम अक्सर उसे पी जाते हैं.



### नेताजी पहले भी करा चुके हैं नामांकन निरस्त

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन निरस्त होने के मामले ने देशभर में सुर्खियां बटोरी. लंबे समय बाद प्रदेश का कोई ऐसा राजनीतिक मामला था, जो कि चर्चा का विषय बना. लेकिन हम जो बता रहे हैं वह इस घटना का दूसरा पहलू है. नामांकन तैयार कराने में कांग्रेस के एक कर्णधार ने बड़ी भूमिका निभाई थी, बताया जाता है कि उनकी निगरानी में ही कागज-पत्री तैयार कराए गए. इधर उनकी तैयारी पर दूसरे बड़े नेताओं ने आंख बंद कर भरोसा भी कर लिया. बताया जाता है कि ये कर्णधार एक बार पार्षद का चुनाव लड़ रहे थे, लेकिन वहां भी वे चुनाव लड़ने से पहले ही नामांकन निरस्त करवा चुके थे. यदि रणनीतिकारों को इसकी भनक होती, तो शायद वे इतना भरोसे का जोखिम नहीं उठाते.

### योग से तनाव दूर करेंगे विधायकजी

सत्ताधारी दल के एक विधायक महोदय को अक्सर तनाव में देखा जाता है, उनका दर्द है कि उनके काम नहीं होते, अक्सर उनका दर्द छलक भी जाता है, पिछले दिनों एक विभाग के मंत्री को उन्होंने कटघरे में खड़ा कर दिया था, शिकायत भोपाल तक हुई, नतीजा उनकी पेशी हुई, उन्होंने भी भरोसा दिलाया कि तनाव में अपना संतुलन बनाकर रखेंगे. इस भरोसे का उन्हें तत्काल पुरस्कार भी मिल गया. विधायक जी को योग दिवस पर होने वाले एक जिले के मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बनने का मौका मिल गया. अब विधायक महोदय योग कर अपना तनाव दूर करेंगे, ये देखना दिलचस्प रहेगा कि वे कितने दिन तक तनाव से दूर रह पाते हैं.

### आधे नेता बन गए थे साहब

पिछले दिनों हुए प्रशासनिक तबादले में वैसे तो सब कुछ सामान्य सा ही था, लेकिन एक नाम जरुर अप्रत्याशित था. किसी ने भी नहीं सोचा था कि साहब को ऐसे रुखसत किया जाएगा. अब खोज की जा रही है कि आखिर उनकी सरकार के करीब में रहने के बाद विदाई क्यों कर दी गई, तो अब तक जो निकल कर आ रहा है वह ये कि साहब आधे नेता बन गए थे. उनकी नेतागिरी दूसरे अफसरों को खटकने लगी थी, वहीं सरकार से कुछ ज्यादा ही गलबहियां सरकार को भी ज्यादा पसंद नहीं आ रहा था. ऐसे में उनको विदाई देने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह गया था.




### श्री पीताम्बरा पीठ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूजा अर्चना की

**दतिया.** श्री पीताम्बरा पीठ पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मां बगलामुखी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया एवं देश की खुशहाली की कामना की. उन्होंने महाभारत कालीन वानखंडेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया. पूजा अर्चना के बाद मुख्यमंत्री योगी ललितपुर के लिए रवाना हो गए.

# 72 की उम्र में 100 फीट टनल में उतरे खट्टर

**उज्जैन. जिस गहरी टनल में उतरने में अच्छे-अच्छे को पसीना आ जाता है उस 100 फीट गहरी टनल में उतरकर 72 साल की उम्र में केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर एक ऐसी लिफ्ट से नीचे उतर गए जो जुगाड़ से बनाई गई है, यही नहीं इतनी गहराई में जाकर ऑक्सीजन भी कम हो जाती है बावजूद इसकी परवाह मंत्री ने नहीं की और सिंहस्थ के मद्देनजर बनाई जा रही उस योजना का अवलोकन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के साथ कर डाला, सीएम ने भी मंत्री के हौसले की दाद दी.**

सबसे पहले दोनों नेताओ ने त्रिवेणी घाट पहुंचकर सिंहस्थ-2028 के लिए 778 करोड़ रुपये की लागत से बनाए जा रहे 29.15



किलोमीटर लंबे नवीन घाट निर्माण कार्य का अवलोकन किया गया. अधिकारियों ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 150 से अधिक प्रवेश और निकास बिंदु विकसित किए जा रहे हैं. अब तक 18.20 किलोमीटर रिटेनिंग वॉल का निर्माण हो चुका है, जबकि 7 किलोमीटर घाट पूर्ण हो चुके हैं और लगभग 22 किलोमीटर क्षेत्र में कार्य तेजी से जारी है.

> मुख्यमंत्री ने कहा कि सिंहस्थ-2028 को भव्य, दिव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सरकार युद्धस्तर पर काम कर रही है ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें. इसके बाद मंत्री और मुख्यमंत्री दोनों नेता चिंतामन-जवासिया क्षेत्र पहुंचकर 919.94 करोड़ रुपये की कान्ह डायवर्शन क्लोज डक्ट परियोजना का निरीक्षण करने पहुंचे.

> उन्होंने टनल में उतरकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति का परीक्षण किया. परियोजना का उद्देश्य कान्ह नदी के दूषित जल को शिप्रा नदी में मिलने से रोकना है. 30.15 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में 12 किलोमीटर टनल और 18.15 किलोमीटर क्लोज डक्ट का निर्माण किया जा रहा है.

# नीट-यूजी परीक्षा आज, पुलिस बल तैनात

**नवभारत प्रतिनिधि**

**भोपाल, 20 जून. प्रदेश में नीट-यूजी परीक्षा 21 जून को पूरी पारदर्शिता और शुचिता के साथ आयोजित होने जा रही है. परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तैयारी कर चुका है. बता दें राजधानी के सभी केंद्रीय स्कूलों व अन्य परीक्षा केंद्रों के बाहर शनिवार शाम 4 बजे से ही भारी पुलिस बल सुरक्षा की दृष्टि से तैनात कर दिया गया है.**

वहीं राजधानी के 32 केंद्रों पर पेपर लीक की गुंजाइश को खत्म करने के लिए प्रश्न पत्र पहुंचाने की जिम्मेदारी सीआरपीएफ को सौंपी गई है. जहां इस बार 13 हजार 724 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे. साथ ही वाहनों की निगरानी सीधे जिला प्रशासन के अधिकारी कर रहे हैं. हालांकि



परीक्षा के लिए त्रि-स्तरीय सुरक्षा घेरा बनाया गया है. बाहरी सुरक्षा में राज्य पुलिस व होमगार्ड और आंतरिक सुरक्षा में एनटीए की एजेंसी तैनात है. वहीं पूरे प्रदेश के 30 जिलों में 283 केंद्र बनाए गए हैं. जिनमें सर्वाधिक 57 केंद्र इंदौर में हैं. बता दें दोपहर 2 से शाम 5 बजकर 15 बजे तक चलने वाली इस परीक्षा में परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जा रहा है. भीषण गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर ओआरएस, ग्लूकोज, पेयजल और डॉक्टरों की टीम तैनात रहेगी. छात्राओं की जांच के लिए पर्याप्त महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं. इसके अलावा, केंद्रों के बाहर अभिभावकों के लिए टेंट, कुर्सियां और अभ्यर्थियों के लिए रेलवे स्टेशन से केंद्र तक जाने व खाने-पीने के स्टॉल की व्यवस्था पहली बार सरकार की तरफ से की गई है.

### रेलवे नियम उल्लंघन पर बढ़ा जुर्माना

**भोपाल.** भारतीय रेल ने यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए जन विश्वास (संशोधन उपबंध) अधिनियम, 2026 के तहत रेलवे अधिनियम, 1989 की कई धाराओं में संशोधन लागू कर दिए हैं. ये प्रावधान 20 जून 2026 से प्रभावी हो गए हैं. संशोधन के बाद कई मामलों में जुर्माने की राशि बढ़ा दी गई है और कुछ उल्लंघनों पर त्वरित दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान भी किया गया है. नए नियमों के अनुसार बिना टिकट यात्रा या यात्रा का प्रयास करने पर धारा 137 के तहत न्यूनतम अतिरिक्त प्रभार 250 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये कर दिया गया है. अनियमित यात्रा से जुड़े मामलों में भी धारा 138 के अंतर्गत न्यूनतम अतिरिक्त शुल्क अब 500 होगा.

# नीट अभ्यर्थियों के लिए हेल्प बूथ

**भोपाल. राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा 21 जून को आयोजित होने जा रही है. परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा और उन्हें परीक्षा केंद्रों तक सुगमता से पहुंचाने के लिए पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने विशेष व्यवस्थाएं की हैं.**




भोपाल मंडल के अंतर्गत भोपाल, विदिशा, होशंगाबाद, गुना और अशोकनगर जैसे प्रमुख शहरों के रेलवे स्टेशनों पर विशेष हेल्प बूथ स्थापित किए गए हैं. इन शहरों में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यह व्यवस्था की है, ताकि अभ्यर्थियों को यात्रा और परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में किसी तरह की परेशानी न हो. सीनियर मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि हेल्प बूथों पर रेलवे कर्मचारी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्रों तक पहुंचने के मार्ग, स्थानीय परिवहन सुविधाओं, स्टेशन परिसर की जरूरी जानकारियों और अन्य उपयोगी सूचनाओं के संबंध में सहायता उपलब्ध कराएंगे. इसके साथ ही स्टेशन परिसरों में पूछताछ व्यवस्था और उद्घोषणा प्रणाली को भी मजबूत किया गया है.

# कार-बाइक की टक्कर में दो की मौत

**उमरिया. जिले में मानपुर थाना अंतर्गत ग्राम खुटार के समीप शनिवार को एक कार और मोटर साइकिल की आमने सामने हुई टक्कर में मोटरसाइकिल पर तीन युवकों में से दो की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से घायल हो गया.**

पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज सुबह मानपुर -जैयसिंहनगर मार्ग पर ग्राम खुटार के समीप कार और मोटर साइकिल की आमने सामने हुई टक्कर में मोटरसाइकिल पर सवार ग्राम गोवर्दे निवासी राजभान केवट की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि राकेश केवट ने मानपुर उपचार हेतु लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया वहीं एक अन्य युवक हिमांशु केवट को गंभीर रूप से घायल होने के कारण मानपुर में प्राथमिक उपचार उपरांत जबलपुर मेडिकल कॉलेज में गहन उपचार हेतु भेज दिया गया है जहां पर उसकी स्थिति गंभीर बताई गई है.

# समाधि खोदकर निकाली लाश भाई ने लगाया हत्या का आरोप

**उज्जैन. मंगलनाथ मंदिर के समीप नदी किनारे पुलिस ने समाधि खोदकर एक साधु की लाश बाहर निकाली है. जिसे 9 दिन पहले बाबाओं ने दफना दिया था. साधु का शव मिलने के बाद भाई ने हत्या का आरोप लगाया है. पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सच सामने आ जाएगा.**

जावरा के रहने वाले अनिल जोशी ने चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी थी कि उसका भाई गंगेश्वर गिरी उर्फ सुनील जोशी 40 वर्ष साधु था जो 10 जून से लापता है. करीब डेढ़ साल से वह मंगलनाथ मंदिर के पास मलानी बाबा की कुटिया में रह रहा था. 17



जून को वह भाई से मिलने उज्जैन आया था लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा है. पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरू की. मंगलनाथ मंदिर के आसपास पूछताछ शुरू की गई. इस दौरान पता चला कि गंगेश्वर गिरी की 10 जून की रात मौत हो गई थी.

# अभी मानसून के इंतजार में मध्यप्रदेश

## मानसून इस बार 8 से 10 दिन की देरी से, 45 जिले सूखे

### 38 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**भोपाल, 20 जून. मध्य प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री अब 25 जून के आसपास होने की संभावना जताई जा रही है. सामान्यत: 15 जून तक प्रदेश में पहुंचने वाला मानसून इस बार 8 से 10 दिन की देरी से आगे बढ़ रहा है.**

फिलहाल मानसून तेलंगाना के आसपास अटका हुआ है, जबकि प्रदेश में प्री-मानसून गतिविधियों के चलते मौसम का मिजाज बदला हुआ है. मौसम विभाग ने शनिवार को प्रदेश के



38 जिलों में आंधी, गरज-चमक और बारिश का अलर्ट जारी किया है. वहीं सीहोर और आगर-मालवा में तेज हवाओं को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है. भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, बुरहानपुर, खंडवा, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, ग्वालियर, जबलपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर और टीकमगढ़ समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना है. दूसरी ओर रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, शहडोल, मंदसौर, रतलाम, उज्जैन, धार, खरगोन और झाबुआ जैसे जिलों में तेज धूप और उमस बनी रह सकती है.

# पीएम-किसान की 23वीं किस्त पर भोपाल में किसान प्रशिक्षण

**भोपाल, 20 जून. आईसीएआर -भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान (आईआईएसएस) ने पीएम-किसान योजना की 23वीं किस्त जारी होने के अवसर पर राष्ट्रव्यापी समारोह में भाग लेते हुए विशेष लाइव-स्ट्रीमिंग कार्यक्रम आयोजित किया.**

इस मौके पर किसानों के कल्याण, टिकाऊ कृषि और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन को केंद्र में रखकर प्रशिक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित की गई. कार्यक्रम में भारत सरकार की राज्य मंत्री निमुबेन जयंतिभाई बनभानिया, मध्य प्रदेश एपेक्स बैंक के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री महेंद्र सिंह यादव सहित कई वरिष्ठ प्रतिनिधि मौजूद रहे. लाइव प्रसारण से पहले किसानों के लिए जैविक खेती, प्राकृतिक खेती, संतुलित उर्वरीकरण, कम्पोस्टिंग और वर्मी-कम्पोस्टिंग पर व्यापक प्रशिक्षण आयोजित किया गया. इसमें किसानों को जलवायु-अनुकूल और संसाधन-कुशल कृषि तकनीकों की व्यवहारिक जानकारी दी गई.

संस्थान की ओर से किसानों को हैंड्स-ऑन डेमोंस्ट्रेशन कराए गए और वर्मी-कम्पोस्ट इकाई का भ्रमण भी कराया गया. गोद लिए गए गांवों के किसानों को वर्मीबेड वितरित किए गए, ताकि खेत स्तर पर जैविक खाद उत्पादन और मृदा स्वास्थ्य सुधार को बढ़ावा मिल सके.

### सिवनी जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष के खिलाफ जमानती वारंट

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने स्वत: संज्ञान अपराधिक मामले में सिवनी जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हानी के खिलाफ पांच हजार रुपये का जमानती वारंट जारी किया है. युगलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 28 जुलाई को निर्धारित की है.

दरअसल इससे पूर्व हुई सुनवाई पर न्यायालय ने उन्हें जवाब देने व उपस्थित होने के निर्देश दिये थे. उक्त आदेश का पालन न होने पर न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये.

**स्कॉच गोल्ड पुरस्कार** ▶ नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया अवार्ड

# भावांतर भुगतान योजना को मिला अवार्ड



**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 20 जून. मप्र शासन की किसान हितैषी एवं नवाचार आधारित भावांतर भुगतान योजना-2025 को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित स्कॉच गोल्ड अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है.**

यह पुरस्कार शनिवार को पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में भावांतर योजना-2025 तथा ई-मंडी योजना को एकीकृत डिजिटल ढांचे के तहत सफलतापूर्वक लागू किया गया है. यह पहल किसानों को मूल्य संरक्षण, त्वरित भुगतान और पारदर्शी कृषि विपणन व्यवस्था उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. भावांतर योजना-2025 के तहत सोयाबीन की खरीदी पूर्णत: ई-मंडी एप्लीकेशन के माध्यम से की गई.

> मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल की ओर से यह सम्मान प्रबंध संचालक कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में सहायक संचालक योगेश नागले, गोविंद शर्मा एवं निरंजन सिंह द्वारा ग्रहण किया गया. दोनों एप्लीकेशन एनआईसी. भोपाल द्वारा विकसित की गई हैं. पुरस्कार समारोह में अध्यक्ष प्रधानमंत्री आर्थिक सलाहकार परिषद प्रो. एस. महेंद्र देव, अपर सचिव विधि एवं न्याय मंत्रालय डॉ. मनोज कुमार, संचालक इंडियन काउंसिल फॉर रिसर्च ऑन इंटरनेशनल इकोनामिक रिलेशंस डॉ. शेखर ऐय्यर, महानिदेशक आरआईएस प्रो. सचिन कुमार शर्मा, तथा अध्यक्ष स्कॉच ग्रुप समीर कोचर सहित कई गणमान्य नागरिक एवं विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे.

### ट्रैक्टर पलटने से चालक की मौत

**नरसिंहपुर.** जिले में पुलिस थाना गोटेगांव के रायखेडा टोला गांव में शनिवार सुबह एक ट्रैक्टर के पलट जाने के कारण उसके नीचे दबने से चालक मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रमोद किनोरहा (31) निवासी रायखेडा टोला अपने खेत में बखनी करने के लिए आज सुबह ट्रैक्टर लेकर गया था तभी वह खेत हिस्से में पलट गया. ट्रैक्टर के नीचे दबने से चाालक गंभीर रूप से घायल हो गया उसे सरकारी अस्पताल गोटेगांव लाया गया जहां पर डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मर्ग प्रकरण कायम करके शव का पोस्टमार्टम कराया है.

# नागरिक संहिता पर कल तक दर्ज कराएं सुझाव

**ग्वालियर, 20 जून. लोकतांत्रिक व्यवस्था में हर व्यक्ति की राय व विचारों का महत्व होता है. इसी भाव के साथ समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के संबंध में आमजन से सुझाव एवं मत प्राप्त करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जन परामर्श एवं सुझाव पोर्टल शुरू किया गया है.**

ग्वालियर जिले के नागरिक भी इस महत्वपूर्ण विषय पर अपने विचार, सुझाव और सुझावात्मक टिप्पणियाँ 22 जून तक ऑनलाइन दर्ज करा सकते हैं. शासकीय अधिकारी-कर्मचारी भी समान नागरिक के संबंध में अपने सुझाव दे सकते हैं. समान




नागरिक संहिता के संबंध में सुझाव देने के लिए नागरिक अपने मोबाइल से क्यू आर कोड स्कैन कर सकते हैं अथवा सीधे पोर्टल पर जाकर अपने विचार दर्ज कर सकते हैं.

जिला प्रशासन ने जिले के सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों, प्रबुद्धजनों, शिक्षाविदों, अधिवक्ताओं एवं विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस जन परामर्श प्रक्रिया में भाग लेकर अपने सुझाव एवं मत दर्ज कराएं, जिससे व्यापक जनभावनाओं के अनुरूप प्रभावी एवं समावेशी नीति तैयार की जा सके.

> समान नागरिक संहिता के बारे में 22 जून तक सुझाव दिए जा सकते हैं. इसके लिए विशेष रूप से वेबसाइट का विमोचन किया गया है, जिस पर सुझाव देने की प्रक्रिया बहुत सरल है. वेबसाइट के फॉर्म में केवल नाम, लिंग, धर्म, संभाग, जिला, पता और मोबाइल नंबर अंकित करना है. कुल 12 प्रश्नों का उत्तर हाँ या ना में दिया जाना है. मोबाइल ओटीपी से सत्यापित करने से सुझाव जमा हो जाता है.